## एक नजर में

### 150 स्वयंसेवकों ने लिया प्रशिक्षण



**राजगढ़ 24 जुलाई, का.** मुख्यालय होमगार्ड्स, नागरिक सुरक्षा एवं आपदा प्रबंधन, मध्यप्रदेश, भोपाल के निर्देशानुसार जिला सेनानी के नेतृत्व में होमगार्ड लाइन, राजगढ़ में 7 दिवसीय सिविल डिफेंस वालेंटियर्स प्रशिक्षण कार्यशाला का शुभारंभ किया गया. प्रशिक्षण के प्रथम दिवस में जिले के 150 सिविल डिफेंस वालेंटियर्स ने उत्साहपूर्वक सहभागिता की. प्रशिक्षण कार्यक्रम के दौरान प्लाटून कमांडर रंजीत सिंह भिलाला एवं एसडीईआरएफ के जवानों द्वारा निर्धारित प्रशिक्षण रूपरेखा के अनुसार स्वयंसेवकों को नागरिक सुरक्षा एवं आपदा प्रबंधन के विभिन्न महत्वपूर्ण विषयों पर व्यवहारिक एवं सैद्धांतिक जानकारी प्रदान की गई.

### वन अधिकार अंतर्गत पोर्टल का प्रशिक्षण

**राजगढ़ 24 जुलाई, का.** जिला संयोजक जनजातीय कार्य विभाग द्वारा बताया गया कि पूरे मध्यप्रदेश में वन अधिकार अधिनियम अंर्तगत लंबित दावों के निराकरण हेतु अभियान चलाया जा रहा है. जिसके अंतर्गत राजगढ़ जिले में शुक्रवार को राजगढ़ ओर खिलचीपुर उपखण्ड के सभी ग्राम स्तरीय लंबित दावों वाले ग्राम पंचायत सचिवों का प्रशिक्षण कार्यक्रम ई दक्ष केंद्र में सम्पन्न हुआ. प्रशिक्षण के दौरान सभी लंबित दावों की सूची सबंधित पंचायत सचिव को उपलब्ध करवाई गई, सभी के नए पोर्टल एमपीएफआरए पर एक ओर पासवर्ड बनाए गए.

### रास्ता बनाकर फसल खराब कर रहे

**राजगढ़ 24 जुलाई, का.** ग्राम सेमली धाकड निवासी देवचन्द्र ने बताया कि आवेदक की भूमि पर अनावेदको द्वारा नवीन रास्ता बनाकर फसल खराब की जा रही हैं. आवेदक के पास भरण पोषण हेतु उक्त अतिरिक्त कोई भूमि नहीं हैं. आवेदक को काफी परेशानिया हो रही हैं. जिपं सीइओ द्वारा तहसीलदार पचोर को कार्यवाही हेतु निर्देशित किया गया.


**भूमि बेचना है**
नेशनल हाईवे नंबर 3 बायपास प्रज्ञा सागर शुजालपुर से बाईपास में मुआवजा मिलने के बाद 11 बीघा जमीन बेचना है. सरेड़ी पटवारी
सम्पर्क करें : 9424406947
बिल : 09 अगस्त


# शिक्षा, पर्यटन, सांस्कृतिक विकास में अग्रणी होगा नरसिंहगढ़

## प्रभारी मंत्री चेतन्य काश्यप ने कहा संतुलित एवं दूरदर्शी विकास के हो रहे प्रयास

### 42 करोड़ रुपये की लागत से निर्मित सांदीपनि विद्यालय लोकार्पित





**नवभारत न्यूज**
**नरसिंहगढ़ 24 जुलाई, का. प्रदेश सरकार शिक्षा के क्षेत्र में तेजी से कार्य कर रही है. नरसिंहगढ़ के साथ ही कुरावर सहित अन्य क्षेत्रों में भी शिक्षा के लिये बेहतर प्रयास हो रहे है. नरसिंहगढ़ को पर्यटन की दृष्टि से भी विकसित करने के लिए निरंतर प्रयास हो रहे है.नरसिंहगढ़ के पर्यटन व सांस्कृतिक विकास पर भी विशेष ध्यान दिया जा रहा है.**

उपरोक्त बात प्रभारी मंत्री श्री चेतन्य कुमार काश्यप ने शुक्रवार को 42 करोड़ रुपये की लागत से निर्मित सांदीपनि विद्यालय के लोकार्पण समारोह में बोलते हुए कही. उन्होंने कहा कि प्रदेश के संतुलित एवं दूरदर्शी विकास के लिए शिक्षा, अधोसंरचना कनेक्टिविटी तथा सांस्कृतिक एवं पर्यटन विकास पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है.

प्रभारी मंत्री ने कहा कि सांदीपनि विद्यालय में एलकेजी से कक्षा 12वीं तक लगभग 1300 विद्यार्थी अध्ययन करेंगे. श्री काश्यप ने कहा कि जिस प्रकार डॉ गिरीश कुमार मिश्रा ने शासकीय विद्यालय में अध्ययन कर कलेक्टर बने है उसी उसी प्रकार इस विद्यालय के विद्यार्थी भी भविष्य में उच्च पद प्राप्त कर नरसिंहगढ़ नगर तथा प्रदेश एवं देश का नाम रोशन करेंगे.

भाजपा जिला अध्यक्ष श्री ज्ञान सिंह गुर्जर ने कहा कि करोड़ों रुपये की लागत से निर्मित यह विद्यालय विद्यार्थियों के उज्वल भविष्य की मजबूत नींव बनेगा। आधुनिक सुविधाओं से युक्त यह विद्यालय सूचना प्रौद्योगिकी के युग में विद्यार्थियों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा उपलब्ध कराने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम है।

**समग्र विकास के लिये हर संभव प्रयास जारी–मोहन शर्मा**

नरसिंहगढ़ विधायक श्री मोहन शर्मा ने कहा कि समूचे विधानसभा क्षेत्र के समग्र विकास के लिये मैं अपनी ओर से हर संभव प्रयास करने में कोई कसर नहीं छोड़ रहा हूं. ग्रामीण क्षेत्रों में विद्यार्थियों, विशेषकर बेटियों को बेहतर शिक्षा उपलब्ध कराने के लिए आधुनिक विद्यालय भवनों का निर्माण कराया जा रहा है.

उन्होंने कहा कि सरकार के प्रयासों से विद्यार्थियों को बेहतर शैक्षणिक वातावरण और आधुनिक सुविधाएं मिल रही हैं. उन्होंने नरसिंहगढ़ को पर्यटन की दृष्टि से विकसित करने के प्रयासों का उल्लेख करते हुए बड़े महादेव मंदिर के जीर्णोद्धार के लिए प्रभारी मंत्री से सहयोग का आग्रह किया.

**शहरों से ही नहीं गांव, कस्बों के बच्चें भी आगे बढ़ेंगे–कलेक्टर**

– जिले के विभिन्न कस्बों में ऐसे विद्यालय विकसित किए जा रहे हैं, जहां विद्यार्थियों को आधुनिक शैक्षणिक सुविधाओं के साथ परिवहन सुविधा भी उपलब्ध कराई जा रही है. उन्होंने कहा कि इन विद्यालयों में मेरिट एवं प्रवेश परीक्षा के आधार पर प्रवेश दिया जाता है. जिससे प्रतिभाशाली विद्यार्थियों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा मिल सके. इससे शहर ही नहीं गांव–कस्बे के बच्चें भी आगे बढ़ सकेंगे. कलेक्टर डॉ मिश्रा ने अपने छात्र जीवन का उल्लेख करते हुए कहा कि वे स्वयं शासकीय विद्यालय के विद्यार्थी रहे हैं और आज कलेक्टर के पद पर कार्यरत हैं. उन्होंने विद्यार्थियों से अनुशासन एवं लगन के साथ अध्ययन करने का आह्वान किया.

### प्रतिभावान विद्यार्थी सम्मानित

कार्यक्रम के दौरान विभिन्न कक्षाओं एवं प्रतियोगी परीक्षाओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले प्रतिभावान विद्यार्थियों को सम्मानित किया गया. जिनमें कक्षा 5वीं में परी जाटव 85 प्रति., परिधि अहिरवार 76 प्रति. कक्षा 8वीं में कोमल राजपूत 83 प्रति., हेमलता कुशवाह 80 प्रति., कक्षा 10वीं में सुदर्शन तिवारी 92 प्रति., काजल लोधा 87 प्रति, कक्षा 12वीं के कॉमर्स संकाय में योगेश वर्मा 84 प्रति., तन्मिय पलासिया 82 प्रति., विज्ञान संकाय में अरविन्दि मालवीय 88 प्रति., हरिओम यादव 78 प्रति, विज्ञान–बायो में अंकित मीणा 76 प्रति., पूर्ति यादव 74 प्रति., कला संकाय में मंयक कुशवाह 88 प्रति., रोशन कुशवाह 84 प्रति., अभिषेक कुशवाह 91 प्रति., दीपक भिलाला 84 प्रति. अंक प्राप्त करने पर सम्मानित किया गया.

### सारंगपुर में प्रशिक्षण कार्यशाला आयोजित

**राजगढ़ 24 जुलाई, का.** जनपद पंचायत सारंगपुंर के सभाकक्ष में ग्रामीण जल प्रदाय योजना के अंतर्गत ग्राम स्तर पर संचालन–संधारण एवं प्रबंधन नियम–2026 के संबंध में प्रशिक्षण–सह–कार्यशाला आयोजित की गई. मध्यप्रदेश राजपत्र में पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग द्वारा 22 जून, 2026 को जारी नियमों के संबंध में आयोजित कार्यशाला में विकासखंड की सभी ग्राम पंचायतों के सरपंच, सचिव एवं ग्राम रोजगार सहायकों (जीआरएस) ने भाग लिया. कार्यशाला दो चरणों में आयोजित की गई जिसको संबोधित करते हुए मुख्य कार्यपलन अधिकारी जनपद पंचायत हेमेन्द्र गोविल ने कहा कि ग्रामों में पेयजल आपूर्ति व्यवस्था का सुचारु संचालन एवं संधारण ग्राम पंचायतों की महत्वपूर्ण जिम्मेदारी है. शासन द्वारा मध्यप्रदेश जल निगम, संबंधित ग्राम पंचायत एवं कॉन्ट्रेक्टर एजेंसी के मध्य ओएचटी (ओवरहेड टैंक) एग्रीमेंट किया जाना अनिवार्य किया गया है. उन्होंने कहा कि पेयजल योजना में किसी भी प्रकार की तकनीकी कमी अथवा समस्या का निराकरण जल निगम एवं कॉन्ट्रेक्टर एजेंसी की जिम्मेदारी है. वहीं ग्राम पंचायतों से भी आवश्यक सहयोग अपेक्षित है. मध्यप्रदेश जल निगम राजगढ़ के मैनेजर सचिन दांगी ने पानी समितियों के गठन की प्रक्रिया तथा जल निगम एवं ठेकेदार एजेंसी के दायित्वों की विस्तार से जानकारी दी.



# शहीद कुंवर चैन सिंह के बलिदान को याद किया

## निकाली शोभायात्रा, दिया गार्ड ऑफ ऑनर

**नवभारत न्यूज**
**नरसिंहगढ़ 24 जुलाई, सं. अमर बलिदानी कुंवर चैन सिंह का 202 वां बलिदान दिवस शुक्रवार को नरसिंहगढ़ गौरव दिवस के रूप में मनाया गया स्थानीय प्रशासन, नगर पालिका और आयोजक संस्था कुंवर चैन सिंह जी स्मृति समारोह समिति की ओर से इस मौके पर उनके समाधि स्थल छारबाग में कार्यक्रम आयोजित किए गए.**

दोपहर 1 के बाद पूजा–आरती के साथ शोभायात्रा शुरू हुई. जिसमें कुंवर के बड़े चित्र के साथ स्कूली विद्यार्थी और नागरिक उनके जयकारे लगाते चल रहे थे. नगर के रास्तों से होता हुआ चल समारोह वापस छारबाग पहुंचा. जहां परंपरा के अनुसार कुंवर के सम्मान में पुलिस टीम ने गार्ड आफ ऑनर दिया. कार्यक्रम के बाद विधायक मोहन शर्मा, भाजपा जिला अध्यक्ष ज्ञान सिंह गुर्जर और स्थानीय भाजपा मंडल के सदस्य भी कुंवर को श्रद्धांजलि देने आयोजन स्थल पहुंचे.

आयोजन में समिति के संस्थापक जितेंद्र सिंह पंवार, अध्यक्ष धर्मेंद्र सिंह पंवार शानू बना, विजयपाल सिंह परमार कान्हा बना, पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष मंजूलता शिवहरे, राजपूत समाज के अध्यक्ष प्रणपाल सिंह राजावत, पूर्व धर्म सभा अध्यक्ष बंसीलाल गुप्ता, छात्रवर्धन सिंह चंद्रावत, प्रखर सिंह खींची आदि शामिल हुए.

इसके अलावा कुंवर चैन सिंह के बलिदान स्थल सीहोर के दशहरा बाग में भी हर वर्ष की तरह श्रद्धांजलि कार्यक्रम का आयोजन किया गया. जिसमें उनके वंशज नरसिंहगढ़ राज परिवार के प्रतिनिधि पूर्व विधायक राज्यवर्धन सिंह विशेष रूप से शामिल हुए.

# धरना, हंगामा, थप्पड़ कांड से गरमाई राजनीति

## स्कूल लोकार्पण कार्यक्रम में हुआ विवाद से आक्रोशित हुए लोग

**नवभारत न्यूज**
**नरसिंहगढ़ 24 जुलाई,का. सांदीपनि विद्यालय के लोकार्पण समारोह में राजनीतिक विवाद ने माहौल गर्मा दिया. सामान्य रूप से होने वाले कार्यक्रम में एकाएक धरना, हंगामा, थप्पड़ कांड की घटना घटित हो गई. इस घटनाक्रम से राजनीति गर्मागई.**

जिपं अध्यक्ष चंदर सिंह सौंधिया को पुलिस द्वारा कार्यक्रम में जाने से रोके जाने पर विवाद की शुरूआत हुई. इसके बाद सड़क पर धरना, पुलिस से बहस और मंच पर कहासुनी की घटनाओं के बाद जब दोनो पक्षों के बीच राजनीति गर्माई तो जिपं अध्यक्ष को किसी बिजुर्ग ने थप्पड़ जड़ दिया. इस बिजुर्ग को भाजपा कार्यकर्ता बताया जा रहा है.

जानकारी के अनुसार कांग्रेस कार्यकर्ताओं द्वारा प्रभारी मंत्री को काले झंडे दिखाने की तैयारी की सूचना पर पुलिस ने कार्यक्रम स्थल और आसपास सुरक्षा व्यवस्था कड़ी कर दी थी. जिपं अध्यक्ष चंदर सिंह सौंधिया, उपाध्यक्ष पर्वत यादव और अन्य कांग्रेस पदाधिकारी को पुलिस ने रोक दिया. इन दोनो पदाधिकारियों का कहना था कि सरकारी कार्यक्रम में हमें रोका नहीं जा सकता है.

बाद में पुलिस–प्रशासन की सहमति के उपरांत जिपं अध्यक्ष, उपाध्यक्ष को कार्यक्रम में प्रवेश दिया गया. दोनो पदाधिकारी जाकर मंच के सामने जमीन पर बैठ गये. उस समय विधायक मोहन शर्मा अपना भाषण दे रहे थे. उन्होंने शिष्टाचार निभाते हुए दोनो पदाधिकारियों को मंच पर बुलाया. मंच पर पहुंचने के बाद जिपं अध्यक्ष श्री सौंधिया प्रभारी मंत्री से बहस करने लगे. इसके बाद शोरगुल तेज हुआ और मंच पर हुडदंग जैसी स्थिति निर्मित हो गई.

अफरा–तफरी के बीच विधायक मोहन शर्मा ने हस्तक्षेप कर कार्यकर्ताओं को शांत कराया. इसके बाद पुलिस अपनी सुरक्षा के बीच जब जिपं अध्यक्ष को बाहर निकाल रही थी तभी किसी ने थप्पड़ मार दिया. इसके बाद इंकाईयों ने पुलिस थाने पहुंचकर काफी हंगामा किया.

### जिपं अध्यक्ष के साथ अभद्रता, कांग्रेस का विरोध प्रदर्शन आज



सांदीपनि स्कूल के लोकार्पण समारोह में आमंत्रित नहीं करने पर नाराजगी जताने पहुंचे जिला पंचायत अध्यक्ष और इंका नेता चंदरसिंह सौंधिया के साथ कार्यक्रम में अभद्रता की गई. इस घटना के बाद श्री सौंधिया ने नाराजगी जताते हुए विधायक मोहन शर्मा पर इस प्रकार की स्थिति निर्मित करने का आरोप लगाया. उन्होंने कहा कि सरकारी कार्यक्रम होने के बावजूद और शिक्षा समिति के अध्यक्ष के नाते जिपं उपाध्यक्ष और मुझे नहीं बुलाया गया. जब हमने इसका विरोध किया तो हमारे साथ अभद्रता की गई. इस घटना के विरोध में शनिवार दोपहर स्थानीय भंडारी पैलेस में इंका कार्यकर्ता एकजुट होकर प्रदर्शन करेंगे.

# भारतीय मजदूर संघ का 72वां स्थापना दिवस मनाया



**नवभारत न्यूज**
**ब्यावरा 24 जुलाई, का.** गुरूवार को अंजनी लाल मंदिर ब्यावरा में भारतीय मजदूर संघ का 72 वें स्थापना दिवस पर मुख्य अतिथि अशोक शर्मा प्रांतीय संगठन मंत्री, बापूलाल सुमन जिला संयोजक पेंशनर्स संघ, राजेश सक्सेना जिला अध्यक्ष शामिल हुए. कार्यक्रम में गोपाल शर्मा विभाग प्रमुख, देवीसिंह सोंधीयां जिला उपाध्यक्ष भारतीय मजदूर संघ,जगन्नाथ लोधी तहसील अध्यक्ष, रंगलाल दांगी तहसील मंत्री, अनिता माहवर तहसील उपाध्यक्ष, महेशचंद्र जयपुरिया कोषाध्यक्ष, हरी बाबू निगम, सुश्री शिल्पा खराडी तहसील उपाध्यक्ष, कृष्णा मालवीय प्रदेश मंत्री आंगनवाड़ी संघ, सूर्यकिरण शर्मा जिला अध्यक्ष आंगनवाड़ी संघ, सरिता त्रिपाठी आंगनवाड़ी संघ, धीरप नागर मंडी तलावटी संघ, पवन शर्मा जिला अध्यक्ष आऊट सोर्स बिजली विभाग, विनोद वर्मा जिला सचिव आऊट सोर्स बिजली विभाग, रामबाबू दांगी, लीलाधर विश्कर्मा, दीपक यादव बिजली विभाग, बाबूलाल शर्मा, नागेन्द्र गुर्जर, यशवंत यादव, प्रमोद सक्सेना जिला कोषाध्यक्ष, छगनलाल यादव, आशा कार्यकर्ता संघ जिला अध्यक्ष पिंकी सोनी, जिला मंत्री प्रफुल्ल सोंधिया, तन्वी गोरी, रीना शर्मा आदि शामिल हुए.



# अब तंवरवाड़ में अपराधियों पर नजर रखेंगे 16 सीसीटीवी

**नवभारत न्यूज**
**राजगढ़ 24 जुलाई, का.** राजगढ़ पुलिस द्वारा संचालित ऑपरेशन चक्षु – 360 अभियान के अंतर्गत ग्रामीण क्षेत्रों में तकनीक आधारित सुरक्षा व्यवस्था को सुदृढ़ बनाने की दिशा में एक और महत्वपूर्ण उपलब्धि हासिल हुई है. राजस्थान एवं गुना जिले की सीमा से लगे ग्राम पंचायत किला अमरगढ़ में सुरक्षा की दृष्टि से 16 हाईटेक आईपी आधारित सीसीटीवी कैमरे स्थापित किए गए हैं, जिससे गांव में चौबीसों घंटे निगरानी सुनिश्चित होगी. कलेक्टर डॉ. गिरीश कुमार मिश्रा, पुलिस अधीक्षक अमित तोलानी एवं मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत राजगढ़ आशीष जोशी ग्राम किला अमरगढ़ पहुंचे. जहां उन्होंने ऑपरेशन चक्षु – 360 के अंतर्गत स्थापित सीसीटीवी कैमरों एवं कंट्रोल रूम का निरीक्षण किया. इस अवसर पर सरपंच गजराज सिंह तंवर को ग्राम पंचायत द्वारा सुरक्षा के क्षेत्र में किए गए उत्कृष्ट नवाचार एवं ऑपरेशन चक्षु – 360 अभियान में उल्लेखनीय योगदान के लिए प्रशस्ति – पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया. अधिकारियों ने ग्रामवासियों से संवाद कर उनकी समस्याएं एवं मांगें सुनीं तथा उनके निराकरण हेतु संबंधित अधिकारियों को आवश्यक निर्देश देते हुए शीघ्र कार्यवाही का आश्वासन दिया. ग्राम पंचायत किला अमरगढ़ राजस्थान एवं गुना जिले की सीमा से लगा होने के कारण सुरक्षा की दृष्टि से अत्यंत महत्वपूर्ण एवं संवेदनशील क्षेत्र है. सीमावर्ती क्षेत्र होने के कारण यहां बाहरी व्यक्तियों एवं वाहनों की आवाजाही लगातार बनी रहती है. इसे ध्यान में रखते हुए ग्राम पंचायत द्वारा पुलिस के मार्गदर्शन में गांव के प्रमुख चौराहों, मार्गों एवं प्रवेश–निकास स्थलों पर 16 हाईटेक आईपी आधारित सीसीटीवी कैमरे स्थापित किए गए हैं.

ऑपरेशन चक्षु – 360 के अंतर्गत स्थापित यह सीसीटीवी नेटवर्क संपत्ति संबंधी अपराधों की रोकथाम एवं उनके त्वरित खुलासे में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा. कैमरों के माध्यम से चोरी, वाहन चोरी, नकबजनी, लूट एवं अन्य संपत्ति संबंधी अपराधों में संदिग्ध व्यक्तियों एवं वाहनों की पहचान, उनकी गतिविधियों पर सतत निगरानी तथा वैज्ञानिक एवं तकनीकी साक्ष्य प्राप्त करने में पुलिस को प्रभावी सहायता मिलेगी.

**हलचल** रेल्वे ने अंडरपास का निर्माण शुरू किया, शहर के भीतर से गुजरने वाले हाईवे के डिवाइडर की दुरुस्ती शुरू

# खबर लगने के बाद शुरू हुए रेल्वे के निर्माण और हाईवे के सुधार

**नवभारत न्यूज**
**राजगढ़ 24 जुलाई, का. हाईवे और रेल्वे परिवहन के दो प्रमुख साधन शहर में विकसित होने जा रहे है. ऐसे में इनके निर्माण और देखरेख में हीलाहवाली को लेकर नवभारत ने बीते दिनों समाचार प्रकाशित किए थे.**

नवभारत में रेलवे अंडरपास निर्माण कार्य में हो रही देरी को प्रमुखता से प्रकाशित किए जाने के बाद अब परियोजना में हलचल दिखाई देने लगी है. लंबे समय से बंद पड़े बावड़ी के समीप रेलवे अंडरपास निर्माण स्थल पर संबंधित ठेकेदार ने मशीनरी, निर्माण सामग्री और अन्य आवश्यक उपकरण पहुंचा दिए हैं तथा निर्माण कार्य दोबारा शुरू कर दिया गया है.





गौरतलब है कि नवभारत ने हाल ही में प्रमुखता से प्रकाशित खबर में अंडरपास निर्माण में हो रही देरी, लगभग एक वर्ष से डायवर्ट मार्ग से गुजर रहे वाहनों और लोगों की परेशानी सहित परियोजना के निर्धारित समय पर पूरे होने पर उठ रहे सवालों को प्रमुखता से उठाया था. खबर प्रकाशित होने के बाद निर्माण एजेंसी हरकत में आई और साइट पर गतिविधियां शुरू हो गई हैं. स्थानीय लोगों का कहना है कि यदि अब निर्माण कार्य लगातार और तेज गति से चलता रहा तो लंबे समय से चली आ रही परेशानी से जल्द राहत मिल सकती है. रामगंज मंडी–भोपाल रेल परियोजना के तहत कोटा मंडल के अधीन आने वाले क्षेत्र, ब्यावरा तक का निर्माण कार्य मार्च 2027 तक पूरा करने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है. इसी अवधि में राजगढ़–ब्यावरा रेलखंड पर निर्माणाधीन रेलवे अंडरपास, पुल और अन्य शेष कार्य पूर्ण कर परियोजना में होना है.

### टूटी फेंसिंग सुधारने पहुंची टोल वसूलने वाली एजेंसी

बायपास रोड पर टूटी पड़ी फेंसिंग और उससे बढ़ रहे हादसों के खतरे को नवभारत ने बुधवार को प्रमुखता से प्रकाशित किए जाने के बाद संबंधित एजेंसी हरकत में आ गई। गुरुवार को टोल वसूलने वाली एजेंसी के कर्मचारी और मजदूर राजगढ़ नगर के बीच से गुजरने वाले बायपास मार्ग पर पुरोहित पेट्रोल पंप के सामने क्षतिग्रस्त फेंसिंग जाली की मरम्मत करते नजर


अनदेखी
बायपास रोड पर जगह–जगह उखड़ी जाली से वाहन चालक परेशान
सड़क पर टूटी पड़ी फेंसिंग, हादसों को दे रही आमंत्रण
सड़क पर निकले लोहे के एंगल बने खतरा

आए.

गौरतलब है कि नाका नंबर–3 से खिलचीपुर नाका तक डिवाइडर के बीच लगी लोहे की फेंसिंग कई स्थानों से उखड़कर सड़क पर फैल गई थी.

बाहर निकले लोहे के एंगल और टूटी जाली दोपहिया वाहन चालकों के लिए दुर्घटना का कारण बन रहे थे. इस समस्या को लेकर नवभारत ने प्रमुखता से समाचार प्रकाशित किया था. समाचार प्रकाशित होने के बाद एजेंसी ने क्षतिग्रस्त फेंसिंग को दुरुस्त करने का कार्य शुरू कर दिया है.